28
अप्रैल, मंगलवार, 2026
ग्वालियर, वर्ष:1, अंक 145
पृष्ठ :8, मूल्यः 1.50 रु

दैनिक हृदय स्तंभ

सच्ची बात हृदय के साथ

सुविचार

खुशी केवल उन्हीं व्यक्तियों को प्राप्त होती है जो कि दूसरों को खुश करने के लिए प्रयासरत रहते हैं

हृदय स्तंभ @hridaystambha @hridaystambha +91 9131287644 @hridaystambha www.hridaystambha.com

न्यूज कॉर्नर

भारत के बाद फिलीपींस को मिली रुस से कच्चा तेल खरीदने की छूट

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में जारी तनाव और वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच अमेरिका ने फिलीपींस को बड़ी राहत दे दी है। अमेरिका ने फिलीपींस के अनुरोध पर रूसी तेल और पेट्रोलियम उत्पाद खरीदने के लिए अस्थायी छूट दी है। बीते हफ्ते में तेल की कीमतों को काबू में रखने के लिए ट्रंप ने रूसी तेल खरीद की छूट बढ़ा दी थी। इसका फायदा खुद भारत को हो रहा है लेकिन फिलीपिंस को और भी राहत मिली है। फिलीपींस के ऊर्जा विभाग के मुताबिक, यह छूट 17 अप्रैल से 16 मई तक प्रभावी रहेगी। इसके पहले मार्च में भी अमेरिका ने 30 दिन की छूट दी थी, जो 11 अप्रैल को समाप्त हुई थी। अब नई छूट मिलने से फिलीपींस को कुछ राहत जरुर मिलेगी। ऊर्जा विभाग के अंडरसेक्रेटरी एलेस्सांद्रो सेल्स ने बताया कि यह फैसला तब हुआ है, जब वैश्विक स्तर पर तेल की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। वहीं ऊर्जा सचिव शेरोन गैरीन ने कहा कि देश के पास फिलहाल करीब 54 दिनों का ईंधन भंडार मौजूद है, लेकिन मौजूदा हालात को देखकर अतिरिक्त विकल्प जरूरी थे।

राघव चड्ढा पर जमकर भड़कीं डिंपल भाभी, जो किया वह राष्ट्रद्रोह के बराबर

लखनऊ। उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ में समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने आम आदमी पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा पर हमला बोला है। उन्होंने राघव के कदम को 'गद्दारी' और 'राष्ट्रद्रोह के बराबर' बताकर कहा कि जिस पार्टी ने किसी नेता पर भरोसा करके राज्यसभा तक पहुंचाया, उस पार्टी को छोड़ देना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है। डिंपल यादव ने बताया कि राज्यसभा सांसद सीधे जनता द्वारा नहीं चुने जाते, बल्कि उन्हें पार्टी के माध्यम से नामित किया जाता है और विधानसभाओं द्वारा चुना जाता है, इसलिए पार्टी के प्रति उनकी जिम्मेदारी अधिक होती है। डिंपल ने पहले भी मैनपुरी में राघव चड्ढा की आलोचना कर कहा था कि वे जनता के बीच जाकर वोट लेकर नहीं आए थे, बल्कि आप पार्टी की वजह से संसद पहुंचे थे।

बंगाल में मतदान से पहले 79 देशी बम बरामद होने से मचा हड़कंप, एनआईए करेगी जांच

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बीच सुरक्षा से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें 79 देसी बम बरामद हुए हैं। 29 अप्रैल को होने वाली दूसरे चरण की मतदान से पहले इतनी संख्या में बम मिलने से हड़कंप मच गया है। इस गंभीर मामले की जांच अब एनआईए करेगी। अधिकारियों के मुताबिक एजेंसी ने रविवार को प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर की गई है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला मूल रूप से शनिवार को कोलकाता के भांगड़ क्षेत्र के उत्तर काशी पुलिस थाने में दर्ज किया गया। पुलिस की कार्रवाई में एक स्थान पर बड़ी संख्या में देसी बम और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई थी। इन विस्फोटकों को छिपाकर रखा गया था, जो मानव जीवन और संपत्ति के लिए बड़ा खतरा बन सकते थे। घटना के सामने आने के बाद चुनाव आयोग ने भी सख्त रुख अपनाया है।

बंगाल में प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों ने झोंक दी पूरी ताकत

कल होगा 142 सीटों पर मतदान

कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के प्रचार का शोर थमने की कगार पर है। गहोने वाले मतदान में 142 सीटों पर मतदाता फैसला सुनाएगा। प्रचार के अंतिम दौर में सभी प्रमुख दलों भारतीय जनता पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस ने पूरी ताकत झोंक दी। जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हुगली के आरामबाग और उत्तर 24 परगना के बांगांव में जनसभाएं कर तृणमूल कांग्रेस पर भ्रष्टाचार और कुप्रशासन के आरोप लगा दिए। उन्होंने किसानों, जूट कारोबार और महिलाओं की स्थिति को अपनी रैली में प्रमुख मुद्दा बनाया। इसके पहले पीएम मोदी ने कोलकाता में रोड शो और धार्मिक स्थलों पर दर्शन कर मतुआ समुदाय तक पहुंचने की कोशिश की।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी कई रैलियों में राज्य सरकार पर सिंडिकेट राज और कानून-व्यवस्था बिगड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने महिलाओं और बेरोजगार युवाओं के लिए आर्थिक सहायता सहित कई वादे किए और दावा किया कि पहले चरण में भाजपा को बढ़त मिल गई है। दूसरी ओर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बाजारों में जाकर आम लोगों से संवाद कर महंगाई व रोजमर्रा की समस्याओं को मुद्दा बनाया। उन्होंने राज्य की योजनाओं जैसे लक्ष्मी भंडार को अपनी प्रमुख उपलब्धि बताकर महिलाओं से समर्थन की अपील की।

टीएमसी सांसद मिताली पर जानलेवा हमला

पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में सोमवार को तृणमूल कांग्रेस की सांसद मिताली बाग पर प्राणघातक हमला किए जाने की घटना सामने आई है। गोगहाट क्षेत्र में उनकी कार पर ईंट-पत्थरों और लाठियों से हमला किया गया, जिसमें वह और उनका ड्राइवर घायल हो गए। मिताली को इलाज के लिए बाग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस बीच टीएमसी ने आरोप लगाया कि गृह मंत्री अमित शाह की धमकी देने के बाद ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला बोला है। जानकारी के अनुसार, मिताली बाग गोगहाट से आरामबाग जा रही थीं, जहां उन्हें अभिषेक बनर्जी के रोड शो में शामिल होना था। इसी दौरान रास्ते में उनकी गाड़ी को निशाना बनाया गया। हमले में कार के शीशे टूट गए और सांसद मिताली के साथ ही उनका ड्राइवर भी बुरी तरह घायल हो गए। इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ है।

VISM HOSPITAL
MULTISPECIALITY HOSPITAL
NABH ACCREDITATION ENTRY LEVEL
आयुष्मान कार्ड धारकों को निःशुल्क ईलाज
जॉचों में 50% की छूट
24 घंटे ईमरजेंसी भर्ती सुविधा
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें
9329767111
9329927178
INSURANCE PARTNER
ICICI Lombard Nibhaye Vaade
STAR Health Insurance
Medi Assist
SBI general
पता:- व्हीआईएसएम कैम्पस, तुरारी, झांसी रोड़, ग्वालियर, म.प्र.

राज्यसभा में बढ़ी बीजेपी की ताकत

आप के विरोध के बावजूद सभापति ने सांसदों को विलय की दी मंजूरी

नई दिल्ली। राज्यसभा में सोमवार को बड़ा राजनीतिक बदलाव देखने को मिला, जब सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी के सात सांसदों के भारतीय जनता पार्टी में विलय को मंजूरी दे दी। इस फैसले के बाद राज्यसभा में भाजपा की संख्या बढ़कर 113 हो गई है, जबकि आप के खाते में अब महज 3 सांसद ही रह गए। ऐसे में अब आम आदमी पार्टी का शीर्ष नेतृत्व क्या करेगा यह सबसे बड़ा सवाल है?

जिन सात सांसदों के विलय को मंजूरी मिली है, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता शामिल हैं। संसद की आधिकारिक वेबसाइट पर अब इन सभी को भाजपा सांसद के रूप में दर्ज किया गया है। सूत्रों के अनुसार, इन सांसदों ने शुक्रवार को सभापति के समक्ष आवेदन देकर खुद को भाजपा का सदस्य मानने की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। इससे पहले आप ने इस घटनाक्रम पर कड़ा विरोध जताया और इसे अवैध करार दिया।

बैरकपुर में पीएम मोदी का ऐलान, 4 मई के बाद शपथ ग्रहण में ही लौटूंगा

आखिरी चुनावी रैली में प्रधानमंत्री ने जीत पर जताया भरोसा

कोलकाता। नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में दूसरे चरण की अपनी आखिरी चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बड़ा राजनीतिक दावा किया। उन्होंने मंच से ऐलान करते हुए कहा, कि अब वह 4 मई के बाद ही बंगाल लौटेंगे, जब राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। इस बयान के जरिए उन्होंने राज्य में भाजपा की जीत को लेकर पूरा विश्वास जताया। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में बंगाल से अपने भावनात्मक और आध्यात्मिक जुड़ाव का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उनकी निजी जिंदगी और आध्यात्मिक यात्रा में बंगाल का विशेष स्थान रहा है। शक्ति की उपासना और यहां की सांस्कृतिक विरासत ने उनके जीवन को गहराई से प्रभावित किया है।

भारतीय जनता पार्टी की सबसे बड़ी ताकत उसका कार्यकर्ता: राष्ट्रीय अध्यक्ष

नितिन नबीन ने सात जिला कार्यालयों का किया वर्चुअल उद्घाटन

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने टोंक से वर्चुअल माध्यम द्वारा राजस्थान के टोंक, बूंदी, चूरू, पाली, प्रतापगढ़, डूंगरपुर एवं बाड़मेर जिलों में नवनिर्मित भाजपा जिला कार्यालय भवनों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही जालोर जिला कार्यालय का शिलान्यास भी किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान की धरती पर आना सदैव गौरव और प्रेरणा का विषय रहा है। यह भूमि शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति की परंपराओं से ओतप्रोत रही है। उन्होंने अपने पुराने राजनीतिक अनुभव साझा करते हुए कहा कि सबसे कम उम्र का विधायक बनने के बाद उन्हें पहली बार सम्मान इसी प्रदेश में मिला था।

15 साल से साथ, बच्चा पैदा किया अब रेप और मारपीट के आरोप बेमानी

सुप्रीम कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप से जुड़े मामले में की अहम टिप्पणी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक लिव-इन रिलेशनशिप में रेप और मारपीट के आरोपों से जुड़े एक मामले की सुनवाई कर अहम टिप्पणियां कीं। मामले में महिला ने दावा किया था कि शादी का वादा करने के बाद एक पुरुष ने उसके साथ मारपीट की थी।

सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने दोनों व्यक्तियों के बीच के रिश्ते की प्रकृति पर ध्यान केंद्रित किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि दोनों ही वयस्क थे और सालों तक साथ रहे थे। जस्टिस नागरत्ना ने सवाल उठाया कि आपसी सहमति से बना रिश्ता बाद में आपराधिक आरोप में कैसे बदल सकता है। महिला ने बिना शादी के उस आदमी से बच्चा पैदा किया, और अब वह रेप और मारपीट का आरोप लगा रही है। यह क्या है? जज ने जोर देकर कहा कि इस तरह के मामलों में सहमति को समझना बहुत ज़रूरी है। जब रिश्ता आपसी सहमति से बना हो, तब अपराध का सवाल ही कहाँ उठता है? सुप्रीम कोर्ट ने बताया कि शादी के बाहर के रिश्तों में कुछ जोखिम हो सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब इसतरह से रिश्ते खत्म होते हैं, तब हालात अक्सर पेचीदा होते हैं। जज ने कहा कि लिव-इन रिश्तों में यही होता है। वे सालों तक साथ रहते हैं। जब वे अलग होते हैं, तब महिला आकर शिकायत दर्ज कराती है... ये सब शादी के बाहर के रिश्तों की ही पेचीदगियां हैं। सुनवाई के दौरान, महिला के वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता को पता नहीं था कि वह आदमी पहले से शादीशुदा है।

महाराष्ट्र सरकार का यू-टर्न, ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए मराठी अनिवार्य आदेश को टाला

मुंबई। महाराष्ट्र में महायुति सरकार ने ऑटो और टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा को अनिवार्य बनाने के अपने फैसले पर फिलहाल यू-टर्न लेकर छह माह के लिए टाल दिया है। यह निर्णय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार ने तब लिया जब इस आदेश के खिलाफ राज्यभर में विरोध तेज हुआ था और कई यूनियनों ने आंदोलन की चेतावनी दे दी थी। दरअसल, राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाइक ने महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि 1 मई से महाराष्ट्र के सभी ऑटो और टैक्सी ड्राइवरों के लिए मराठी में बातचीत करना अनिवार्य किया जा रहा है। इसके लिए राज्य के 59 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों (आरटीओ) को विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए थे। मंत्री सरनाइक का कहना था कि महाराष्ट्र में कारोबार करने वाले हर व्यक्ति को मराठी समझने और बोलने में सक्षम होना चाहिए।

राहुल गांधी का केजरीवाल पर हमला, वैगनार से आए और करोड़ों के 'शीशमहल' में चले गए

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनावों के बीच कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में शीशमहल का जिक्र कर दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की घेराबंदी की है। राहुल गांधी ने कोलकाता में रैली को संबोधित केजरीवाल पर निशाना साधकर कहा कि केजरीवाल ने अलग राजनीति का वादा किया था। लेकिन केजरीवाल अपनी छोटी सी वैगनर गाड़ी से आए और करोड़ो रुपए के 'शीशमहल' में चले गए।

राहुल गांधी ने रैली को संबोधित कर कहा, 'उन्होंने एक नई तरह की राजनीति की बात की थी। मैं राजनीति दूसरी तरह से करूंगा। वे खंभे पर चढ़ गए थे। लाल रंग का स्वेटर पहना था...। याद है आपको? छोटी सी गाड़ी से आए थे, वैगनर से।' राहुल गांधी ने कहा, केजरीवाल पर हमला करते हुए कहा कि 'वैगन आर में आए और सीधा शीशमहल की पार्किंग लॉट में चले गए। करोड़ों रुपए का घर, भ्रष्टाचार, पॉल्यूशन। जो कांग्रेस की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित जी ने इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया था, सड़कें बनाई थीं, पुल बनाए थे, उन सब को इन्होंने खत्म किया। गौरतलब है कि विपक्षी पार्टियां दिल्ली के मुख्यमंत्री रहने के दौरान केजरीवाल के आधिकारिक आवास रहे 6, फ्लैगस्टाफ बंगले को शीशमहल कहती रही है। केजरीवाल पर बंगले को बनवाने में करोड़ों रुपए खर्च करने के आरोप लगे हैं।

नेपाल से बिहार में घुसे 11 संदिग्ध, सूचना मिलते ही एसएसबी-पुलिस अलर्ट

रक्सौल। बिहार में मोतिहारी जिले में भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी घुसपैठ की आशंका के बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया है। खुफिया विभाग की गोपनीय रिपोर्ट के मुताबिक रक्सौल बॉर्डर के रास्ते 11 संदिग्ध अपराधी या आतंकी तत्वों के नेपाल के रास्ते भारतीय सीमा में दाखिल होने की सूचना दी। इनपुट के मिलते ही बिहार पुलिस मुख्यालय और सशस्त्र सीमा बल ने सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा घेरा सख्त कर दिया और गश्त बढ़ा दी है। नेपाल से आने-जाने वाले हर व्यक्ति की जांच की जा रही है। उनके कागजातों की पूरी जांच के बाद ही भारतीय सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है। बता दें बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में स्थित रक्सौल भारत-नेपाल के बीच व्यापार का मुख्य केंद्र है। वहां अब हर आने-जाने वाले की गहन जांच की जा रही है।

तरबूज खाने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

मृतकों में 40 वर्षीय पिता, 35 वर्षीय मां और उनकी दो बेटियां शामिल



मुंबई। मुंबई के पायधोनी इलाके में संदिग्ध फूड पॉइजनिंग की घटना में एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में 40 वर्षीय पिता, 35 वर्षीय मां और उनकी दो बेटियां शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, 25 अप्रैल की रात परिवार के नौ सदस्यों ने साथ में खाना खाया था। भोजन के बाद रिश्तेदार अपने-अपने घर लौट गए, लेकिन रात करीब 1 से 1:30 बजे के बीच परिवार के चारों सदस्यों ने तरबूज खाया। अगली सुबह करीब 5:30 से 6 बजे के बीच उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें उल्टी और दस्त की शिकायत होने लगी। पहले परिवार के डॉक्टर ने इलाज किया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें जेजे अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान सबसे पहले छोटी बेटी की सुबह मौत हो गई, इसके बाद पिता, फिर मां और बड़ी बेटी ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमार्टम कराया है, लेकिन मौत का सही कारण हिस्टोपैथोलॉजिकल रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा।

जीएसटी 2.0 से देश का खजाना भरा पर मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ जैसों को नुकसान

मार्च 2026 में जीएसटी संग्रह में वृद्धि मुख्य रूप से आयात से होने वाली कमाई से हुई

नई दिल्ली। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक भारत में जीएसटी संग्रह की स्थिति मिश्रित रही। मार्च 2026 तक के आंकड़ों के अनुसार, देश का कुल जीएसटी कलेक्शन 2 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया, लेकिन राज्यों के बीच पोस्ट-सेटलमेंट राजस्व वितरण में असमानता दिखाई दी। विशेष रूप से मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में जीएसटी राजस्व में नकारात्मक वृद्धि या गिरावट दर्ज की गई।

छत्तीसगढ़ में कोयला उद्योग पर अधिक इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के उपयोग और उत्पादन के बावजूद उपभोग अन्य राज्यों में होने के कारण राज्य के राजस्व पर दबाव बना। अनुमान है कि राज्य को करीब 1500 करोड़ रुपये तक के संभावित नुकसान हुआ। बिलासपुर संभाग सहित कई क्षेत्रों में भी कर संग्रह लक्ष्य से कम रहा। दूसरी ओर, मध्य प्रदेश में व्यापारिक सुस्ती और कर चोरी के मामलों का प्रभाव दिखाई दिया। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, बड़ी संख्या में व्यापारियों द्वारा कर अनियमितताओं के कारण करीब 400 करोड़ रुपये से अधिक की संभावित चोरी सामने आई, जिससे राजस्व संग्रह प्रभावित हुआ।

मार्च 2026 में जीएसटी संग्रह में वृद्धि मुख्य रूप से आयात से होने वाली कमाई में लगभग 17.8 प्रतिशत की वृद्धि के कारण रही, जबकि घरेलू लेन-देन की गति अपेक्षाकृत धीमी रही। कर विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक संघर्ष और तेल कीमतों में वृद्धि ने ट्रांसपोर्ट, कृषि और निर्माण क्षेत्रों की लागत बढ़ा दी है, जिससे उपभोग में गिरावट आई है। छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जैसे राज्य उत्पादन- आधारित अर्थव्यवस्था पर अधिक निर्भर हैं, लेकिन जीएसटी प्रणाली उपभोग-आधारित होने के कारण उन्हें अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता। इसकारण इन राज्यों में राजस्व असंतुलन की स्थिति बन रही है। ओडिशा और झारखंड जैसे राज्यों पर भी इसी प्रकार के प्रभाव की आशंका जाहिर की गई है। इस स्थिति को देखकर विशेषज्ञ आईजीएसटी सेटलमेंट प्रणाली और क्षतिपूर्ति ढांचे की व्यापक समीक्षा की आवश्यकता बता रहे हैं, ताकि राज्यों के बीच राजस्व असंतुलन को कम किया जा सके और विकास योजनाओं पर पड़ने वाले वित्तीय दबाव को नियंत्रित किया जा सके।

शिवाजी महाराज और रामदास स्वामी पर टिप्पणी करने पर धीरेंद्र शास्त्री ने मांगी माफी

शास्त्री ने कहा था- शिवाजी युद्धों से थक गए थे जिम्मेदारियों को त्यागने जताई थी इच्छा

नागपुर। छत्रपति शिवाजी महाराज और समर्थ रामदास स्वामी के बारे में अपनी टिप्पणी को लेकर विवादों में घिरे बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने माफी मांग ली है। रविवार को नागपुर में धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कुछ लोगों ने मेरे बयान का गलत अर्थ निकाला। मैं जिस स्वराज और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा का सम्मान करता हूं, उसमें छत्रपति शिवाजी महाराज का स्थान सर्वोच्च है। उनके बारे में नकारात्मक बोलना तो दूर, मैं ऐसा सपने में भी नहीं सोच सकता हूं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा संदर्भ बिल्कुल अलग था। छत्रपति शिवाजी महाराज की संतों और अपने गुरु समर्थ रामदास स्वामी के प्रति गहरी निष्ठा थी। हम एक शिष्य की अपने गुरु के प्रति भक्ति के बारे में बात कर रहे थे। ठीक वैसे ही जैसे महाभारत में अर्जुन ने भगवान कृष्ण से कहा कि वह अपने ही लोगों से युद्ध नहीं करेंगे, तब कृष्ण ने गीता का उपदेश दिया था। हमारा उद्देश्य केवल छत्रपति शिवाजी महाराज की महानता को उजागर करना था कि वे संतों के प्रति कितने गहरे रूप से समर्पित थे, लेकिन एक छोटा सा अंश संदर्भ से काटकर फैला दिया गया। बता दें नागपुर में धीरेंद्र शास्त्री ने शिवाजी महाराज को लेकर एक दावा किया था। उन्होंने कहा था कि शिवाजी महाराज युद्धों से थक गए थे।